# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001
( पंजीयन सं०-633/2003 )
E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :....39.......  दिनांक....16/12/10....

अध्यक्ष ( का० )
* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष
* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव
सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव
* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष
चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष
सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901

प्रेषक,

**शम्भु नाथ मिश्र,**
अध्यक्ष,
बिहार प्रशासनिक सेवा संघ।

सेवा में,

**प्रधान सचिव,**
सामान्य प्रशासन विभाग,
बिहार सरकार, पटना।

**विषयः**—अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष पदों के रिक्त पदों पर पदस्थापन करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग के पुर्नगठन के उपरान्त सेवा संवर्ग के लिए संवर्गीय पदों की संख्या एवं संरचना निम्नवत् की गई है।

| क0 सं0 | पदनाम | वेतनमान (अपुनरीक्षित) | पदों की संख्या | कालावधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मूल कोटि (अनुमंडल पदाधिकारी / वरीय उप समाहर्त्ता एवं समकक्ष) | रू0 8,000–13500 | 273 | —— |
| 2 | उप सचिव एवं समकक्ष | रू0 10,000–15,200 | 176 | 5 वर्ष |
| 3 | अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष | रू0 12,000–16,500 | 159 | 5 वर्ष |
| 4 | संयुक्त सचिव एवं समकक्ष | रू0 14,300–18,300 | 131 | 5 वर्ष |
| 5 | अपर सचिव एवं समकक्ष | रू0 16,400–20,000 | 48 | 2 वर्ष |
| 6 | विशेष सचिव एवं समकक्ष | रू0 18,400–22,400 | 24 | |
| 7 | प्रशिक्षण / अवकाश रक्षित (कुल संवर्ग बल 811 का @ 5%) | रू0 8,000–13,500 | 40 | |
| | **कुल पद बल** | | 851 | |

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक :..................................                                                                 दिनांक..............................


अध्यक्ष ( का० )

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष

* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बडियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901




कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग के संकल्प संख्या–942 / 28.01.2010 की कंडिका 6 में यह प्रावधान किया गया है कि जब तक अन्य विभागीय संवर्गों से प्रोन्नति हेतु चिन्हित पदों पर उस संवर्ग के निम्नतर ग्रेड में कार्यरत अधिकारी निर्धारित कालावधि पूर्ण कर प्रोन्नत नहीं हो जाते हैं तब तक उन सेवाओं के पद पर पूर्व की भॉति बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी औपबंधिक रूप से पदस्थापित किये जाते रहेंगे।

बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों के लिए उप सचिव/अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष पदों की संख्या पुर्नगठन के पूर्व 355 थी। पुर्नगठन के संकल्प प्रभावी होने के उपरान्त अपर समाहर्त्ता के संवर्गीय पद 159 निर्धारित किए गये है। साथ ही राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अधिसूचना संख्या–4020 / 08–09 दिनांक 01 जनवरी 2010, द्वारा, अपर समहार्त्ता स्तर के 42 पद सृजित किए गये है। इसी तरह ग्रामीण विकास विभाग के पत्रांक–447 दिनांक–19.01.2010 द्वारा बिहार ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग नियमावली–2010 का निर्माण किया गया है, जिसमें चतुर्थ प्रोन्नति पदक्रम में उप विकास आयुक्त, प्रमंडलीय विकास पदाधिकारी एवं संयुक्त निदेश के कुल 34 पदों की व्यवस्था की गई है जिसमें 16 सृजित एवं 18 सृजनयोग्य पद माना गया है। इस तरह यदि इन सृजनयोग्य 18 पदों का सृजनकर दिया जाए तो अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष पदों की कुल संख्या 86 बनती है। इसी तरह कल्याण विभाग द्वारा भी सेवा संवर्ग नियमावली का निर्माण किया गया है जिसमें उपनिदेशंक स्तर के 9 (नौ) पदों की व्यवस्था की गई है, जो अपर समाहर्त्ता कोटि के है। इस तरह अपर समाहर्त्ता स्तर पर 86+9 = 95 गैरसंवर्गीय पद बनता है तथा अपर समाहर्त्ता कोटि के कुल संवर्गीय एवं गैरसंवर्गीय 159+95 = 254 पद बनते हैं। यदि ग्रामीण विकास सेवा संवर्ग नियमावली–2010 का अवलोकन किया जाए तो उसमें उपर निदेशक स्तर के 5 असृजित पदो की भी व्यवस्था की गई है। इन पदों का सृजन हो जाने पर संयुक्त सचिव स्तर के पदों की संख्या 131+5 = 136 हो जाएगी, उसका लाभ भी प्रोन्नति में आए अवरोध को दूर करने में प्राप्त होगा। इस तरह अपर समाहर्त्ता कोटि में सरकार के उपर्युक्त संकल्प के अनुसार 254 पद बनते है, जिसके विरूद्ध वर्त्तमान में 210 पदाधिकारी पदस्थापित है। वर्त्तमान में अपर समाहर्त्ता एवं उसके ऊपर के संवर्गीय / गैरसंवर्गीय पदों पर वास्तविक पदस्थापन एवं रिक्ति की स्थिति निम्नवत् हैं :–

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

पत्रांक :.................................. दिनांक..............................

अध्यक्ष ( का० )

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष

* मो० एखलाक अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बड़ियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901




**अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष पद एवं उपर संवर्गीय पदों पर वर्त्तमान पदस्थापन की स्थिति। (07.09.2010 तक)**

| पदनाम | पुर्नगठन के उपरान्त पदों की संख्या | वास्तविक पदस्थापन (07.09.10 तक) | रिक्ति | 31.12.10 तक सेवा निवृत्त होने वाले पदाधिकारियों की संख्या से उत्पन्न रिक्ति। | कुल रिक्ति जिसके विरूद्ध पदस्थापन की कार्यवाई की जानी है। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| विशेष सचिव | 24 | 23 | 1 | 6 | 7 |
| अपर सचिव | 48 | 26 | 22 | 2 | 24 |
| संयुक्त सचिव | 131+5 = 136 | 115 | 21 | 5 | 26 |
| अपर समाहर्त्ता + गैरसंवर्गीय पद | 159+42 (राजस्व) 34 (उप विकास आयुक्त) 09 (उप निदेशक कल्याण) = 244 | 210 | 34 | 4 | 38 |
| कुल | 452 | 374 | 78 | 17 | 95 |

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि यदि रिक्ति के अनुरूप संवर्गीय/गैरसंवर्गीय पदों पर प्रशासनिक हित में पदस्थापन कर दिया जाता है तो पुर्नगठन के उपरान्त अपर समाहर्त्ता एवं समकक्ष पद पर कनीय प्रवरकोटि के 95 पदाधिकारियों को प्रोन्नत किया जा सकता हैं। जिसके परिणाम स्वरूप कनीय

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com

सत्यमेव जयते


पत्रांक :.................................

दिनांक...............................


अध्यक्ष ( का० )

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

उपाध्यक्ष

* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

महासचिव

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

संयुक्त सचिव

* राजयनन्द बड़ियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

कोषाध्यक्ष

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

संयुक्त कोषाध्यक्ष

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901




प्रवर कोटि में भी संवर्गीय एवं गैरसंवर्गीय पदों पर रिक्तियॉ उपलब्ध होगी, जिससे बेसिक ग्रेड के पदाधिकारियों को भी प्रोन्नत का लाभ मिल सकेगा।

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा एक तरफ आवश्यकता आधारित पदों पर रिक्ति के अनुसार प्रोन्नति देने की नीति निर्धारित की गई है, वहीं दूसरी तरफ संकल्प के प्रावधान के अनुसार प्रत्येक कोटि से प्रोन्नति के लिए कलावधि निर्धारित की गई है। यदि रिक्ति के अनुरूप वरीयता सूची के अनुसार स्वतः प्रोन्नत होने की संशोधित प्रकिया निर्धारित कर दी जाती है तो बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को प्रोन्नति के लिए बार–बार कालावधि क्षान्त करने की आवश्यकता नहीं होगी। समीक्षा से यह स्पष्ट होगा कि संवर्गीय/गैरसंवर्गीय पदों पर पदस्थापन कर दिया जाता है एवं कालावधि समाप्त कर दी जाती है तो प्रान्नति की प्रकिया जो पुर्नगठन के उपरान्त रूक सी गई है, वह स्वतः प्रारम्भ हो जायेगी, जिसका सकारात्मक प्रभाव पदाधिकारियों के मनोबल पर पड़ेगा एवं पदाधिकारियों के बीच पुर्नगठन के कारण प्रोन्नति रूकने से जो असंतोष उत्पन्न हो गया है, उसे भी कम किया जा सकता है।

अतः विभिन्न कोटि में रिक्त संवर्गीय/गैरसंवर्गीय पदों पर पदस्थापन की कार्रवाई करने की कृपा की जाय ताकि अपर समाहर्त्ता एवं कनीय प्रवर कोटि में पदाधिकारियों का पदोन्नति हो सके।

2. नगर निगम में अपर सचिव एवं संयुक्त सचिव, के स्तर के पदाधिकारियों का पदस्थापन नहीं किया जाय।

3. विशेष सचिव तथा अपर सचिव स्तर के पदाधिकारियों को विभागीय कार्यों कि जिम्मेदारी निर्धारित किया जाय ताकि वे अपनी क्षमता का पूरा उपयोग कर सके। नीति निर्धारण के

मामलों को छोड़कर अन्य मामलों के निष्पादन की जिम्मेदारी पूर्णतः विशेष सचिव तथा अपर सचिव को सौंपा जाय।

4. बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का भारतीय प्रशासनिक सेवा में चयन पिछले 4 वर्षों से लम्वित है। इसे शीघ्रातिशीघ्र करने की अपेक्षित कार्रवाई पूरी की जाय।

5. सरकार द्वारा ऐसे पदों जिस पर पूर्व में बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों का पदस्थापन होता रहा है, उन पदों पर अन्य सेवा के पदाधिकारियों का

# बिहार प्रशासनिक सेवा संघ

प्रशासनिक सेवा भवन, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, पटना- 800 001

( पंजीयन सं०-633/2003 )

E-mail : basa_bihar@yahoo.com


पत्रांक :................................ दिनांक..............................


**अध्यक्ष ( का० )**

* शम्भु नाथ मिश्र
(M) 9431619672
(R) 0612-2288139
(O) 0612-2217696

+++

**उपाध्यक्ष**

* मो० एख़लाक़ अहमद
(M) 9934280177

+++

**महासचिव**

सुशील कुमार
(M) 9431091417
(R) 0612-2271428

+++

**संयुक्त सचिव**

* राजयनन्द बड़ियार
(M) 9431093157

* अनिल कुमार
(M) 9431409463

+++

**कोषाध्यक्ष**

चन्द्र शेखर सिंह
(M) 9334131351

+++

**संयुक्त कोषाध्यक्ष**

सोमेश बहादुर माथुर
(M) 9431407901




पदस्थापन किया जा रहा है। इसे अवलिम्ब रोका जाय तथा पदस्थापित पदाधिकारियों के बदले बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारियों को पदस्थापित किया जाय।

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ की यह अपेक्षा है कि उपर्युक्त बिन्दुओं पर सम्यक विचारोपरान्त शीघ्र निर्णय लेने की कृपा की जाय।

**विश्वासभाजन**

ह0/–

**(शम्भु नाथ मिश्र)**

अध्यक्ष,

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ।

ज्ञापांक– 39 पटना, दिनांक 16/12/10

**प्रतिलिपि**:–मुख्य सचिव, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। अनुरोध है कि अपने स्तर से यथोजित निदेश देने की कृपा की जाय।

16/12/10

**(शम्भु नाथ मिश्र)**

अध्यक्ष,

बिहार प्रशासनिक सेवा संघ।